# नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख की ठगी, शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नौकरी दिलाने के नाम पर छावला थाना इलाके के अधेड़ से चार लाख रुपये की ठगी कर ली गई। यह मामला वर्ष २०२३ का है। आरोपित की पहचान कुतुब विहार के अशोक पाल के रूप में हुई है। पुलिस ने जांच के बाद कुछ दिन पहले आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। छावला थाना पुलिस को गजेंद्र ने बताया कि वह गोयला डेरी मे पनीर भंडार के नाम से दुकान चलाते हैं।

उनके भतीजे का साला अनिल कुतुब विहार में रहता है और अक्सर उनकी दुकान पर मदद के लिए आता रहता है। उनकी दुकान पर अशोक पाल नामक आदमी सामान लेने आता था। अशोक पाल ने बताया कि वह दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में नौकरी करता है। उसकी ड्यूटी, अस्पताल के सुपरिंटेंडेट के पास है। अस्पताल में जब भी कोई नौकरी निकलती है चाहे प्राइवेट, या अनुबंध पर, वह लगवा सकता है।

उनकी सुपरिंटेंडेंट के साथ अच्छी जान-पहचान हो गई है। उसने कहा कि अगर कोई जानकार बेरोजगार हो तो वह सुपरिंटेंडेंट से कहकर नौकरी लगवा देगा। इसके लिए सिक्योरिटी डिपोजिट करवाना होगा। वो डिपोजिट भी दो वर्ष बाद वापस मिल जाएगा। अनुबंध पर नौकरी है शायद बाद में पक्की भी हो जाए। इस दौरान गजेंद्र ने अशोक पाल को मना कर दिया। अशोक पाल रोज नई-नई कहानी बताने लगा। अशोक पाल ने एक दिन बताया कि अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर और एंबुलेंस ड्राइवर की नौकरी निकली है। किसी जानकार की लगवानी हो तो बता देना। उन्होंने अपनी पुत्रवधु को नौकरी कंप्यूटर ऑपरेटर व भतीजे के साले अनिल के लिए एंबुलेंस ड्राइवर की नौकरी लगवाने को कहा।

इसके बाद उसने दोनों के दस्तावेज मांगे और दोनों के लिए साढ़े तीन लाख रुपये बतौर डिपोजिट मांगे। सितंबर २०२३ में उन्होंने अशोक पाल को करीब चार लाख रुपये दे दिए। बाद में वह रिश्तेदारों के मरने के बहाने बनाने लगा और दुकान पर आना बंद कर दिया।

## सड़कों से हटेंगे सीएनजी ऑटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों से जल्द ही सीएनजी से चलने वाले ऑटो रिक्शा गायब हो सकते हैं। दरअसल, दिल्ली सरकार की ईवी नीति २.० के ड्राफ्ट में राजधानी में सीएनजी ऑटो रिक्शा को चरणबद्ध तरीके से हटाने की सिफारिश की गई है। दिल्ली सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति २.० लागू करेगी। ईवी नीति २.० के ड्राफ्ट के अनुसार, इस साल १५ अगस्त से किसी भी सीएनजी ऑटो रिक्शा के रजिस्ट्रेशन की अनुमति नहीं दी जाएगी। पॉलिसी के तहत १५ अगस्त से सीएनजी ऑटो परमिट का नवीनीकरण भी नहीं किया जाएगा और ऐसे सभी परमिट को केवल इलेक्ट्रिक ऑटो परमिट से दोबारा जारी किया जाएगा। इसके साथ ही नगर निकायों और कचरा ढोने में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को भी हटाने की सिफारिश की गई है।

हालांकि दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने इससे इनकार किया है। उन्होंने कहा कि ईवी वाहनों को बढ़ावा देने की हमारी नीति है, लेकिन जनता को कई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। एक साथ पूरी तरह से सीएनजी से चलने वाले ऑटो रिक्शा बंद नहीं किए जाएंगे।१० साल से ज्यादा पुराने सभी सीएनजी ऑटो-रिक्शा को अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहन में बदला जाएगा। डॉफ्ट में १५ अगस्त, २०२६ से पेट्रोल, डीजल, सीएनजी से चलने वाले दो पहिया वाहनों को अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही १५ अगस्त, २०२५ से भारी वाहनों के मामले में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी तिपहिया वाहन रजिस्ट्रेशन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# शिक्षा मंत्री ने पटपड़गंज के स्कूलों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पटपड़गंज के स्थानीय विधायक रवींद्र सिंह नेगी के साथ उनके विधानसभा क्षेत्र के चार स्कूलों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। मंत्री ने पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के सर्वोदय कन्या विद्यालय, मयूर विहार फेस-२,पॉकेट बी, सर्वोदय कन्या विद्यालय, मंडावली नंबर-१, सर्वोदय कन्या विद्यालय, मंडावली नंबर-३ और राजकीय सह शिक्षा सर्वोदय विद्यालय, वेस्ट विनोद नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके साथ शिक्षा निदेशक, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। स्कूलों के निरीक्षण के बाद मंत्री ने कहा कि हम अपने विधायकों की शिकायत पर दिल्ली के स्कूलों में जहां-जहां बिल्डिंग में या फिर शिक्षा व्यवस्था में कोई भी खामी है। हम उस जगह खुद जाकर निरीक्षण कर रहे हैं।

पटपड़गंज के विधायक रवींद्र सिंह नेगी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जर्जर स्कूल भवन का जिक्र किया था। जिसे देखने के लिए मैं आज यहां पहुंचा हूं। हमारे विधायक बीते कई सालों से स्कूलों के निर्माण के रूके हुए काम को लेकर बेहद चिंतित हैं। यहीं नहीं कई खतरनाक घोषित हो चुके स्कूलों में बच्चों का आज भी आना-जाना है। ऐसा नहीं हो सकता है कि स्कूल का एक कमरा बेहद खतरनाक है तो फिर उस स्कूल के आस-पास की बिल्डिंग कैसे सुरक्षित हो सकती है। पटपड़गंज विधानसभा में २० सरकारी स्कूल हैं, जिनमें से कई स्कूलों की छते आज भी पक्की तक नहीं हो सकी हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं का भी बेहद अभाव है। शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया की स्कूलों में बच्चों के लिए पीने का साफ पानी और साफ-सुथरे शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा तक नहीं है। कई स्कूलों में निरीक्षण के दौरान नल की टोटी तक गायब मिली। सर्वोदय कन्या विद्यालय, मयूर विहार फेस-२,पॉकेट बी के स्कूल के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बच्चों के दिए जाने वाले मिड डे मील की भी जांच की और खामियां मिलने पर प्रिसिंपल को आदेश दिए की इसकी गुणवत्ता में तत्काल प्रभाव से सुधार किया जाए।

## एक नजर

### करावल नगर में शिक्षा के लिए जमीन पर सक्रिय सीपीआईएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** करावल नगर क्षेत्र के श्रीराम कॉलोनी में स्थित सर्वोदय कन्या/बाल विद्यालय और नगर निगम प्रतिभा विद्यालय में सीपीआईएम नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक टीम ने दौरा किया। इस अभियान का नेतृत्व करावल नगर से पूर्व प्रत्याशी और शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में कार्यरत एडवोकेट अशोक अग्रवाल ने किया। उनके साथ सीपीआईएम करावल नगर सचिव रंजीत तिवारी, वरिष्ठ नेता फूलकांत मिश्रा सीपीआईएम नेता निसार मलिक शुभम चौधरी, मेहीना फातिमा , एडवोकेट आशना खाना और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान स्कूलों की कई समस्याओं और कमियों को चिन्हित कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, स्कूल के बाहर एक हेल्प डेस्क लगाया गया। इस डेस्क पर बड़ी संख्या में अभिभावक पहुँचे, जिन्हें किसी न किसी कारण से स्कूलों में दाखिला नहीं मिल रहा था। एडवोकेट अशोक अग्रवाल ने स्वयं इन मामलों में दखल देकर यह सुनिश्चित किया कि हर बच्चे को स्कूल में दाखिला मिले। सीपीआईएम हमेशा से इस बात की पक्षधर रही है कि समाज का हर बच्चा शिक्षित हो। जहां अन्य राजनीतिक दल चुनाव के बाद गायब हो जाते हैं, वहीं सीपीआईएम निरंतर जमीन पर रहकर जनता की सेवा में लगी रहती है। अशोक अग्रवाल ने न सिर्फ शिक्षा का अधिकार दिलाने की पहल की, बल्कि श्रीराम कॉलोनी की खराब सड़क को लेकर उच्च न्यायालय में केस भी दायर किया है।

### जटिल मामलों के सफल उपचार पुस्तक का विमोचन




**नई दिल्ली।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर, डॉ. बत्राज हेल्थकेयर ने होम्योपैथी क्षेत्र में अपने अग्रणी योगदान को दोहराते हुए अपनी नई किताब डिफिकल्ट होम्योपैथी केस स्टडीज ख्र हीलिंग पीपल, चेंजिंग लाइव्सष का विमा. चन किया। डेढ़ साल की मेहनत से तैयार इस महत्वपूर्ण पुस्तक में असली मरीजों की सफलता की कहानियाँ शामिल हैं, जो यह दिखाती हैं कि होम्योपैथी कैसे जीवन को बदल सकती है ।कार्यक्रम और पुस्तक विमोचन पर बोलते हुए, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त होम्योपैथ और पद्मश्री सम्मानित डॉ. मुकेश बत्रा, संस्थापक एवं चेयरमैन एमेरिटस, डॉ. बत्राज हेल्थकेयर, जो इस पुस्तक के संपादक भी हैं, ने कहा, "यह पुस्तक जीवन को बदलने और स्थायी प्रभाव पैदा करने में होम्योपैथी की शक्ति का प्रमाण है। यह कार्य इस क्षेत्र के ६४ प्रतिष्ठित डॉक्टरों के काम को सामने लाता है, और इसका उद्देश्य होम्योपैथी चिकित्सकों की युवा पीढ़ी को प्रेरित करना और इस विज्ञान समर्थित चिकित्सा प्रणाली में विश्वास को मजबूत करना है।


### व्यवसाय के साथ सामाजिक कल्याण भी एसएलसीएम का मंत्र: सभरवाल

**नई दिल्ली।** पोस्ट-हार्वेस्ट लॉजिस्टिक्स एंड एग्री- सॉल्यूशंस कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट ने एक बहुपक्षीय सीएसआर प्रोग्राम के विस्तार की घोषणा की है। यह प्रोग्राम शिक्षा, कौशल विकास और सामा. जिक कल्याण के कार्यक्रमों से बच्चों, युवाओं तथा महिलाओं को सशक्त करने के लिए है। पहल के तहत अगली पीढ़ी के लिए निवेश होगा और कमजोर समुदायों को सहयोग मिलेगा। इस बाबत एसएलसीएम ग्रुप ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में यह कार्यक्रम शुरू करने के लिये विभिन्न एनजीओ तथा जमीनी-स्तर के संगठनों के साथ भागीदारी की है। एसएलसीएम के ग्रुप सीईओ संदीप सभरवाल ने कहा कौशल विकास के अंतर्गत एवं युवाओं के सशक्ति करण के लिए एसएलसीएम ग्रुप ने एक व्यापक पहल के तहत दिल्ली के भीतर विद्यार्थियों, शिक्षकों और समुदायों के कैरियर पर केन्द्रित प्रशिक्षण एवं परामर्श दिया जाएगा। इस पहल में कैरियर में उन्नति और ग्राहकों के साथ संबंधों के प्रबंधन के लिए डिजिटल टूल्स, स्कूल लीडर्स के लिए वर्कशॉप, कैरियर में मार्गदर्शन करने वाले सत्रों समेत पहुँच के लिए विस्तृत गतिविधि आदि शामिल हैं।

### लापता दो किशोरियों को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत दो किशोरियों को उनके परिजनों से सकुशल मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २९ मार्च को भलस्वा डेयरी इलाके से एक १५ वर्षीय किशोरी लापता हुई थी। एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिजनों,रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली,ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। जिसके बाद किशोरी को इलाके से ही तलाश लिया गया। साथ ही एक नाबालिग को भी पकड़ लिया। पूछताछ से पता चला कि पीडिघ्ता कक्षा ९वीं की छात्रा है। लडकी १७ साल के एक नाबालिग लडके के संपर्क में थी। वह संदिग्ध के साथ अपने माता-पिता को बताए बिना घर से निकल गई थी। बीते सोवार को, उन्होंने कुछ पैसों की जरूरत के लिए एक दोस्त से संपर्क किया था। वहीं एक अन्य मामले में बीते एक अप्रैल से बुध विहार से लापता १६ साल की किशोरी को सेक्टर-१, अवंतिका, रोहिणी के इलाके से ढूंढ निकाला गया।

### ओडिशा सरकार ने औद्योगिक समूहों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए




**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की दो दिवसीय नई दिल्ली यात्रा (7 और 8 अप्रैल, 2025) राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ संपन्न हुई। इस यात्रा के दौरान हुई रणनीतिक साझेदारियाँ और समझौते ओडिशा को पेट्रोकेमिकल और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एक मजबूत औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में, ओडिशा सरकार ने नई दिल्ली में देश के अग्रणी औद्योगिक समूहों के साथ कई उच्च-मूल्य के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इसमें सबसे महत्वपूर्ण समझौता इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (IOCL) के साथ ओडिशा में डुअल-फीड नेफ्था क्रैकर परियोजना स्थापित करने हेतु किया गया, जिसकी अनुमानित लागत रु १०३०९० करोड़ है। यह परियोजना लगभग ९५,९१५ नौकरियों का सृजन करेगी और राज्य की पेट्रोकेमिकल क्षमता एवं विनिर्माण अवसंरचना को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अपने मुख्य भाषण में कहा: "आज इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ किया गया MoUओडिशा की औद्योगिक यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है।



ब्रह्मपुरी मेन रोड पर जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त।

# ब्रह्मपुरी मेन रोड पर जाम से आम लोगों का जीना दुश्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सबसे पिछड़े जिले उत्तर पूर्वी दिल्ली पुलिस के जिला उपायुक्त और दिल्ली नगर निगम शाहदरा उत्तरी जोन के उपायुक्त की जुगलबंदी का ही परिणाम है,कि इस पूरे जिले और जोन में भारी अतिक्रमण ने लोगों को सिर पर पैर रखकर निकलने को मजबूर किया हुआ है। जिले के सीलमपुर गुरुद्वारे से लेकर ब्रह्मपुरी मेन रोड होते हुए यदि आपको घौंडा चौक पहुंचना है, तो मात्र तीन किलोमीटर लंबा सफर तय करने में आपको एक घंटा लग जाएगा, इसका सबसे बड़ा कारण है,कि फुटपाथ पर दुक. ानदारों का कब्जा, दुकानदारों की कृपा दृष्टि से फुटपाथ से आगे सडक पर हजारो रेहडी वालो का कब्जा,बाकी बची सड़कों पर कार, तिपहिया वाहन, दोपहिया वाहन और इंसानो से ज्यादा कुकरमुत्तो की तरह चल रही हजारों की तादाद में बैटरी रिक्शा वालो का कब्जा,तो ऐसी स्थिति में यहां के बाशिंदों को पैदल चलने तक का रास्ता नही मिलता। सीलमपुर गुरुद्वारे से लेकर ब्रह्म पुरी के रास्ते घौंडा चौक तक आम लोगों का जीना दुश्वार किए हुए हैं । यहां से गुजरने वाली एंबुलेंसो को भी घंटो सायरन बजाना पड़ता है, लेकिन मजाल है,कि कोई सुन ले। लिहाजा, दिल्ली के उपराज्यपाल, अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति घोषित करने वाली मुख्यमंत्री साहिबा, दिल्ली पुलिस कमिश्नर व निगमायुक्त इस पिछड़े क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय नागरिकों का दु:ख दर्द समझेंगे या फिर यहां के लाखों नागरिक कीड़े मकोड़ों का जीवन ऐसे ही काटेंगे।

## चार जुआरियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के डिफेंस कॉलोनी थाने के स्टाफ ने चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दांव पर लगा पैसा नकद १७०००/- रुपये और ५२ ताश के पत्ते बरामद किए है। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि दक्षिण जिले के क्षेत्र में संगठित अपराध यानी जुआ/शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए खुफिया जानकारी एकत्र करने और सूचना विकसित करने के लिए कई टीमों को तैनात किया गया था।

## स्कूलों में हुई फीस वृद्धि को लेकर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हाल ही में स्कूलों में हुई फीस वृद्धि को लेकर लोगों ने मंगलवार को डीपीएस द्वारका के बाहर प्रदर्शन किया। ये लोग बढ़ाई गई फीस का विरोध कर रहे हैं। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा, षदिल्ली के स्कूलों की फीस बढ़ाने के लिए हम पर आरोप लगाया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने २००४ के मॉडर्न स्कूल मामले में आदेश पारित किया था कि दिल्ली के स्कूलों को अपनी फीस बढ़ाने से पहले शिक्षा निदेशालय से अनुमति लेनी होगी। लेकिन आप ने २०२४ में दिल्ली उच्च न्यायालय में इस आदेश को खारिज करवा लिया। मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता ऐसे मामलों में भ्रष्टाचार की जांच करेंगी, जहां अंडर-द-टेबल पैसे लिए गए। सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में एक समिति बनाई जाएगी और सभी स्कूलों का ऑडिट किया जाएगा। कहा अगर कोई स्कूल किसी भी मानदंड पर खरा नहीं उतरता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# अरशद फरीदी बने ह. शेख सलीम चिश्ती दरगाह के सज्जादानशीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फतेहपुर सीकरी। वरिष्ठ पत्रकार अरशद फरीदी फतेहपुर सिकरी स्थित ऐतिहासिक हजरत शेख सलीम चिश्ती दरगाह के सज्जादानशीन बनाये गए हैं गत दिवस फतेहपुर सिकरी स्थित दरगाह में अरशद का दस्तारबंदी समारोह आयोजित किया गया वे हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के १७वें सज्जादानशी बने हैं। पीरजादा अरशद फरीदी चिश्ती को देश के अनेक सांसदों व धार्मिक नेताओं ने बधाई दी है। फोन पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बधाई देते हुए बहुत जल्द फतेहपुर सीकरी पहुंच कर हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह की चौखट पर माथा टेकने को कहा । मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव फतेहपुर सीकरी स्थित हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह में जियारत करने आए थे।



कार्यक्रम में अजमेर शरीफ दरगाह के जानशीन सज्जादानशी नसीरुद्दीन चिश्ती,अजमेर शरीफ दरगाह के साहिबजादा सैयद हमजा मियां चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया के सज्जादानशी पीर फरीद निजामी,रुदौली दरगाह के नैयर मियां,कलियर शरीफ दरगाह के सज्जादानशी अली शाह मियां,हजरत ख्वाजा बंदा नवाज गेसू दराज से सैयद जकी अली हुसैनी। दरगाह सैयदना अबुल उला के सज्जादानशीन मोहतशिम मियां,आस्ताना ए आलिया कादरिया मेवा कटरा के सज्जादानशीन सैयद सिनवान शाह कादरी पूर्व सांसद अशोक तंवर भी मौजूद रहे हैं। भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी एव जॉर्डन में भारत के राजदूत अनवर हलीम, वर्ल्ड मॉन्युमेंट फंड न्यू यॉर्क की इंडिया हैड अमिता बेग की उपस्थिति रही। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर,सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी व अपर आयुक्त पुलिस संजीव त्यागी ने कार्यक्रम में अरशद फरीदी को बधाई दी। दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती कहा कि दरगाह आपसी अमन और प्रेम का संदेश देती रही है। सबका साथ और सबका एतराम करना है। सज्जादानशीन अरशद फरीदी ने कहा कि अपने बुजुर्गों से मिली हिदयातो का पालन करते हुए वह देश में अमन शांति और भाईचारे का काम आगे बढ़ते रहेंगे।

कार्यक्रम का संचालन उत्तराखंड के पूर्व हज मंत्री मौलाना जाहिद राजा रिजवी ने किया। देशभर से आए विद्वानों ने कार्यक्रम में अपने विचार रखें और सज्जादानशीन नियुक्त होने पर अरशद फरीदी को मुबारकबाद दी। अंत में कव्वाली और सूफी संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## तापमान बढ़ने के साथ बढ़ी AC की डिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तापमान बढ़ने के साथ एयरकंडीशनर (एसी) की बिक्री बढ़ने लगी है। इलेक्ट्रानिक्स की दुकानों व ई-कामर्स पर विभिन्न प्रकार के एसी की मांग है, जिसमें बिजली की बचत के साथ वायु प्रदूषण से बचाव वाले उत्पादों की मांग विशेष है। दिल्ली में प्रति वर्ष एसी की बिक्री में १० से १५ प्रतिशत की वृद्धि रहती है। मौसम विभाग ने इस बार दिल्ली में अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान लगाया है, जिससे दुकानदार इस मौसम अच्छी बिक्री की उम्मीद लगाए हुए हैं। उनके अनुसार, इस वर्ष एसी की मांग में २० से ३० प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस वर्ष दिल्ली में एसी का बाजार करीब साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये रहने के साथ करीब तीन लाख यूनिट्स की बिक्री संभव है। वैसे, इस वर्ष एसी की दर में १० से २० प्रतिशत की तेजी है। १.५ टन का एसी ३० से ५८ हजार रुपये तक में उपलब्ध है। खरीदारों के लिए कीमत और छूट भी काफी मायने रख रखी है, इसके लिए वह इलेक्ट्रानिक्स स्टोर के साथ ई-कामर्स पर भी दरों की तुलना कर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, मुफ्त ईएमआई के साथ निश्शुल्क स्टालेशन का भी विकल्प देख रहे हैं। वारंटी पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कंपनियां एक से पांच साल की वारंटी दे रही हैं।

# 'आप' ने किया भ्रष्टाचार जनता ने किया खारिज: भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता जैसे अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज और आतिशी आदि परेशान हैं और यह स्वीकार नहीं कर पा रहे कि दिल्ली के लोगों ने उनकी सरकार को खारिज कर दिया है, जिनके भ्रष्टाचार जैसी कथाएँ भारत में शायद किसी और राज्य में देखी गईं हो।

चाहे वह बिजली सब्सिडी के नाम पर हो या उपभोक्त ाओं पर PPAC लागू करने की बात हो, उन्होंने निजी बिजली वितरण कंपनियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया, चाहे वह सीवर की सफाई हो या पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करना हो, वे पूरी तरह से असफल रहे क्योंकि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने उनके शासन में ६०,००० करोड़ रुपये से अधिक की लूट की। सचदेवा ने कहा कि चाहे अस्पतालों के निर्माण में अत्यधिक लागत हो या फर्जी दवाओं का वितरण, स्वास्थ्य क्षेत्र भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं था, जबकि शिक्षा क्षेत्र में एक ओर सरकारी स्कूलों में क्लासरूम निर्माण घोटाले जैसे कार्य किए गए, वहीं दूसरी ओर उन्होंने ५% से भी कम स्कूलों के खातों का ऑडिट किया और कोर्ट के मामलों को जानबूझकर खोकर फीस वृद्धि की अनुमति दी।

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि अपनी सरकार खोने के बाद अब आम आदमी पार्टी के नेता, जो शिक्षा, बिजली, पानी और स्वास्थ्य क्षेत्रों में बड़े भ्रष्टाचार के कारण सत्ता से बाहर हुए हैं, अब यह प्रयास कर रहे हैं कि यह धारणा बनाई जाए कि नई बीजेपी सरकार में कुछ ठीक नहीं है।

## नए सिरे से चमकाएगा लेक व्यू गोल्फ कोर्स को डीडीए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भलस्वा में लेक व्यू गोल्फ कोर्स को डीडीए नए सिरे से चमक. ाने जा रहा है। यहां पर एक अतिरिक्त प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया तैयार किया जा रहा है और एक अतिरिक्त बंकर भी बनाया जा रहा है, जहां पर गोल्फर्स को अपने पुटिंग के अभ्यास और वार्म-अप के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी।

प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया, मूल गोल्फ कोर्स के पुटिंग ग्रीन से अलग होता है, यहां गोल्फर राउंड से पहले अपने पुटिंग स्ट्रोक को वार्म अप करते हैं। डीडीए के अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीन व्यू कोर्स पहले से अधिक हरा भरा दिखाई देगा, जिसके रखरखाव के लिए ४८ बेलदारों की तैनाती की जाएगी। नए बेलदारों की भर्ती प्रक्रिया डीडीए ने शुरू कर दी है। इसे साल भर में नया स्वरूप देने की योजना है। नए प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन एरिया और बंकर को करीब छह महीने में तैयार करने की योजना है । डीडीए लेक व्यू गोल्फ कोर्स ७९ एकड़ क्षेत्र में फैला है, जिसमें कुल नौ होल गोल्फ कोर्स है। यह मुकुंदपुर गांव के पास मुकरबा चौक से एक किमी दूर आउटर रिंग रोड पर भलस्वा झील परिसर में स्थित है। इसमें २२० गज की ड्राइविंग रेंज है, जिसमें १० ड्राइविंग बे, एक प्रैक्टिस पुटिंग ग्रीन और बंकर के साथ चिपिंग एरिया है। डीडीए ने लाडो सराय में कुतुब गोल्फ कोर्स भी विकसित किया है, जिसमें १८ होल हैं। यह देश में विकसित पहला सार्वजनिक गोल्फ कोर्स भी है।

# ब्रह्मा कुमारी प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी नहीं रहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रह्मा कुमारी संस्था की प्रमुख १०१ वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी नहीं रहीं। अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में कल रात्रि १.२० बजे अंतिम सांस ली। उनके पार्थिक शरीर को मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा गया है, जहां श्रद्धांजली देने के लिए देश विदेश से आए लोगों के कतार लगी है। गुरुवार को सुबह १० बजे उनके पार्थिव देह का अंतिम संस्कार किया जाएगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर ट्वीट कर दुख जताते हुए श्रद्धांजली दी है। दादी के निधन की खबर से संस्थान के विश्वभर में फैले सेवाकेंद्रों और साधकों में वियोग की लहर है। आबू मुख्यालय में अगले दो दिनों तक अखंड योग-साधना का कार्यक्रम जारी है।

दादीजी मात्र १३ वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ीं, और पूरा जीवन समाज कल्याण में समर्पित किया। पिछले ४० साल से आप संस्थान के युवा प्रभाग की अध्यक्षा रहीं। उनके नेतृत्व में वर्ष २००६ में भारतभर में निकाली गई युवा पदयात्रा को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ। २०१४ को गुलबर्गा विश्वविद्यालय ने दादीजी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा। चार साल पहले, संस्था की पूर्व प्रमुख दादी हृदय मोहिनी जी के देहावसान के उपरांत दादी रतनमोहिनी जी संस्था का प्रमुख बने। दादीजी सुबह ब्रह्ममुहूर्त ३.३० बजे से निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव को डेढ़ घंटे ध्यान करने के बाद अपनी दिनचर्या शुरू करते थे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं. "03-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26", "प्राविजन आफ अपरूटिंग, शिफ्टिंग, री-इन्स्टालेशन, कमीशनिंग एंड प्रूव आउट आफ मशीन्स एज़ पर स्कोप आफ वर्क क्यूटीवाई-14 नं. एट मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर", अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 39,94,300/-, धरोहर राशि(रू०में): ₹ 79,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11:00 बजे, दिनांक 30-04-2025, संविदा की अवधि: 90 दिन।
• उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखें।
**उप मुख्य यांत्रिक इंजी०/रिपेयर, यां० कार०**
मुजाधि/यॉंत्रिक-06 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया गया। इस गरिमामय समारोह में विद्यालय के पुराने छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे यह आयोजन और भी यादगार बन गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सत्र 2024-25 में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह रहा।

इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित कर उन्हें आगे और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओ.पी. यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद उपस्थित थे।




विशिष्ट अतिथियों में महेंद्र अग्रवाल, चांसलर एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद; अखिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष, सुंदरदीप ग्रुप, गाजियाबाद, मोनिका अग्रवाल, शैली अग्रवाल, नेहा,एस.जी. यू.के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. प्रसनजीत कुमार सिंह, प्रो-वाइस चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार एस.जी. यू. ,विभिन्न सोसाइटी हेड और कुछ प्री प्राइमरी स्कूल के हेड ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि ओ.पी. यादव ने अपने संबोधन में विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और छात्रों की प्रतिभा की सराहना की तथा शिक्षा के महत्व को समझाया।उन्होंने सम्मानित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अन्य अतिथियों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

पुराने छात्रों ने अपने विद्यालय के दिनों की यादें ताजा कीं और वर्तमान छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यालय के विकास और प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने सभी अतिथियों, पुराने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय के भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह स्थापना दिवस समारोह सुंद. रदीप वर्ल्ड स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसने विद्यालय के गौरवशाली अतीत, वर्तमान की उपलब्धियों और उज्जवल भविष्य की एक सुंदर झलक प्रस्तुत की।

# जिले में भीषण गर्मी से जनता परेशान तापमान 40 डिग्री पहुंचने की संभावना



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद व एनसीआर में भीषण गर्मी पड़ रही है। अप्रैल माह का पहला सप्ताह ही बीता है और तापमान पहली बार 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। सुबह के समय भी तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिन का तापमान 40 डिग्री रहा, दिन व रात के तापमान में आधे का अंतर हो चुका है। आज हवा की गति 8 किमी प्रति घंटा से है। आज एनसीआर में हवा थोड़ी साफ हुई है। 6 अप्रैल से एनसीआर में तापमान बढ़ना शुरू हुआ। जहां 6 अप्रैल को तापमान 38 डिग्री तक पहुंचा। अप्रैल माह का पहला सप्ताह बीत चुका है और भीषण गर्मी पड़ रही है। जैसे ही हवा की गति अधिक होगी तो दिन में लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। रात का तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार सुबह व रात का तापमान अभी भी सामान्य बना हुआ है। लेकिन दिन का तापमान दो गुना पहुंच गया है। दिन में धूप में तेजी देखने को मिल रही है। शाम के समय कई बार आसमान में हल्के बादल भी दिखाई पड़ रहे हैं। दिन में दोपहर के समय धूप चढ़ने के साथ तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। गाजियाबाद के एक्यूआई में आज कमी आई है। एक सप्ताह तक तेज हवाओं के चलने से पूरे एनसीआर की हवा साफ हुई है, लेकिन लोनी इलाके की हवा खराब रही। दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लोनी और इंदिरापुरम इलाके की हवा लगातार खराब थी। आज जैसे ही हवा की गति बढ़ी तो हवा साफ हुई। तेज हवाओं के चलने के साथ एक्यूआई कम होने लगा था।

### मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने

# मुरादनगर शहर मंडल कार्यालय का उद्घाटन किया

### सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियां भी गिनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** मुरादनगर शहर मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल के द्वारा भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के द्वारा किया गया जिसमें सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी मंच का संचालन ललित गोयल ने किया मनोज शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल जिससे सरकार की 8 विधायक के द्वारा बताया गया। विभिन्न प्रकार की योजना जानकारियां बताई गई जिसमें विधायक अजीत पाल त्यागी और मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल व भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी।

जिसमें मुख्य रूप विधायक अजीत पाल त्यागी वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज शर्मा लघु उद्योग भारती अमरीश गोयल बुद्ध प्रकाश गोयल बिंदु त्यागी गीता चौधरी सोनिया त्यागी प्रशांत कुमार खटीक सचिन शर्मा रोहित शर्मा मोहित त्यागी विकास त्यागी तनु शर्मा मोहित त्यागी संजू वैश्य शालिनी शर्मा विनीता जिंदल पूजा गुप्ता मुकेश शर्मा डॉ प्रदीप त्यागी ललित गोयल जयवीर त्यागी राज फोगाट मनोरमा शर्मा उषा चौधरी मोनिका वर्मा डॉ सचिन कुमार हरिमोहन गोयल लोकेंद्र कुमार नरेश कश्यप विनोद प्रजापति रविंद्र शर्मा सुनील मित्तल सुरेंद्र प्रधान गौरव वाल्मीकि विपिन त्यागी विपिन गर्ग रोहित कुमार निखिल चौधरी मनोज शेरावत सभासद शिव चौधरी सभासद अंशुल रस्तोगी सभासद अशोक प्रजापति सभासद संजीव शर्मा सभासद पति आदि रहे।

### नवीन मंडी में अतिक्रमण हटाने को लेकर

# व्यापारियों का विरोध, सिटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 3 घंटे चली बैठक

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद स्थित नवीन मंडी में सोमवार को प्रशासन की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, जिसे व्यापारियों ने विरोध किया। व्यापारियों के विरोध के बाद सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत की। थाना लिंक रोड क्षेत्र स्थित इस मंडी में सैकड़ों फल और सब्जी की दुकानें हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी दुकानों के आगे शेड लगाए हैं ताकि माल को गर्मी और बारिश से बचाया जा सके। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने व्यापारियों की दलील को नकारते हुए कहा कि शासन के निर्देश पर मंडियों में चल रहे सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थाई या अस्थाई, सभी प्रकार के अतिक्रमण बुलडोजर से हटाए जाएंगे। इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था, ताकि स्थिति पर नियंत्रण रखा जा सके।

# भाजपा स्थापना दिवस के पखवाड़ा के तहत घर-घर झंडा अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के पखवाड़ा के तहत घर-घर झंडा अभियान चल रहा हैं।

अभियान में बृज विहार मंडल अध्यक्ष नीरज रावल द्वारा वार्ड 72 कौशांबी वैशाली की पार्षद कुसुम गोयल के घर पर भाजपा का झंडा लगाया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल सुभाष शर्मा संजय चौहान अशोक राणा विमला भट्ट ममता त्रिपाठी मिथिलेश रेनू नेगी शुभम सिंह कैलाश गोयल मंगल सिंह राज सिंह दुष्यंत गौतम सुदन पाल यादव त्रिलोक कुमार उपस्थित रहे।

# औद्योगिक विकास विभाग के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई नंद गोपाल गुप्ता ष्नन्दीष् तथा निवेश प्रोत्साहन उत्तर प्रदेश सरकार तथा यूपीएसआईडीए के सीईओ मयूर माहेश्वरी व जिलाधिकारी तथा यूपीएसआईडीए के अधिकारीगणो ने समाधान दिवस के अंतर्गत औद्योगिक विकास विभाग के अंतर्गत त्वरित निस्तारण हेतु औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर, गाजियाबाद एवं ट्रांस दिल्ली सिगनेचर सिटी के अवंतियों हेतु होटल रेडिसन ब्लू कौशांबी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबा. बाद के अशोक चौधरी अध्यक्ष, आर के शर्मा सचिव, सचिव अहमद रजा, मनोज तोमर वरिष्ठ महासचिव, संजीव त्यागी महासचिव, संजीव सिक्का, एम एस रावत, रविन्द्र कपूर, सुनील कुमार उपस्थित होकर सम्मान प्रतीक चिह्न तथा औद्योगिक समस्याओं पर ज्ञापन देकर अवगत कराया। गाजियाबाद, ट्रांस दिल्ली सिगनेचर सिटी, सूर. जपुर, बागपत, एमजी रोड इंडस्ट्रियल एरिया हापुड से आए हुए औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियो व उद्यमियों की औद्योगिक समस्याओं को मंत्री जी तथा सीईओ यूपीएसआईडीए ने विस्तार से सुना तथा उद्यमियों का प्रोत्साहन तथा मार्गदर्शन किया औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को शासन स्तर से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया, चर्चा सकारात्मक रही।

# रवि धामा व हिन्दू रक्षा दल की टीम ने कराया गोमाता का अंतिम संस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** ट्रॉनिका सिटी के पास पूजा कॉलोनी से पुस्ता चौकी प्रभारी दारा सिंह द्वारा रवि धामा भाजपा जिला उपाध्यक्ष को सूचना दी गयी कि एक गौमाता मृत पड़ी हुई है। रवि धामा तुरन्त मौके पर पहूंचे। वहाँ पर हिन्दू रक्षा दल की टीम से अंशुल, हैमंत पहले से मौजूद थे। थाना ट्रॉनिका सिटी से पर्याप्त पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था। उसके बाद नगरपालिका में जेसीबी के लिए संपर्क किया गया। तो पता चला कि मशीन 2 घंटे बाद आएगी।

इसके बाद एक प्राइवेट जेसीबी मशीन को मौके पर बुलाया गया। और सभी हिन्दू सनातनियों द्वारा मिलकर मृत गौमाता का हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार अन्तिम संस्कार किया गया। रवि धामा ने बताया कि लोनी नगरपालिका में एक ही जेसीबी मशीन पूरे लोनी में गौमाता की सेवा में लगायी गयी है। जिससे जेसीबी मशीन आने में कभी कभी देरी हो जाती है।

# एक नजर

## लाइक्स पाने के लिए बहन के एक्सीडेंट को लूट बताया

### पुलिस जांच में हुआ बड़ा खुलासा

**गाजियाबाद।** एक युवती ने सोशल मीडिया पर लाइक्स और सहानुभूति पाने के लिए अपनी बहन के साथ हुए एक्सीडेंट को लूट की कोशिश बताने का झूठा आरोप लगाया। युवती ने इस घटना को लेकर एक झूठा मुकदमा भी दर्ज करवा दिया। घटना 5 अप्रैल की है, जब गाजियाबाद की निवासी रेणु अपने पति से मिलने डासना जेल जा रही थी।

जेल से लौटते समय उसकी स्कूटी एक वाहन से टकरा गई, जिससे दोनों वाहन गिर गए और रेणु घायल हो गई। इसके बाद उसकी बहन मीनू ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसमें उसने दावा किया कि उसकी बहन रेणु को चैन लूटने की कोशिश के दौरान गिरकर चोटें आईं।

मीनू ने वीडियो में यह कहा कि 5 अप्रैल को जब उसकी बहन डासना से खोड़ा की तरफ जा रही थी, तो किसी ने उसका चैन छीनने की कोशिश की, जिसके चलते वह गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। इस वीडियो के वायरल होने के बाद, 7 अप्रैल को रेणु ने बाइक सवार अज्ञात लोगों के खिलाफ चौन लूटने की कोशिश करने का मुक. दमा दर्ज कराया।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और नेशनल हाईवे के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में साफ दिखाई दिया कि रेणु की स्कूटी एक बाइक से टकराई थी, और इस टक्कर में दोनों वाहन गिर गए थे। सीसीटीवी में यह भी देखा गया कि जब यह हादसा हुआ, तो वहां कुछ अन्य लोग भी रुककर घायल व्यक्तियों की मदद कर रहे थे। इस दौरान लूट की कोई कोशिश नहीं दिखाई दी और न ही किसी प्रकार की चैन छीनने की घटना सामने आई।

एसीपी वेव सिटी उपासना पांडे ने बताया कि पुलिस ने रेणु की ओर से दी गई लूट की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और गवाहों की पूछताछ से यह स्पष्ट हुआ कि यह हादसा एक सामान्य एक्सीडेंट था, न कि लूट की कोशिश। इसके बाद मीनू के खिलाफ स्थानीय चौकी इंचार्ज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि रेणु की स्कूटी बाइक से टकराई थी, और इस टक्कर के कारण वह गिर गई और घायल हो गई। फिलहाल, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मीनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मुस्लिम परिवार ने पूरी विधि-विधान से अपनाया हिंदू धर्म

### पिंकी चौधरी बोले- 'मैंने कराई घर वापसी'

**गाजियाबाद।** एक मुस्लिम दंपत्ति ने पूरी विधि-विधान के साथ हिंदू धर्म अपना लिया। जानकारी के अनुसार, यह दंपत्ति पिछले काफी समय से हिंदू रीति-रिवाजों का पालन कर रहे थे और अब उन्होंने औपचारिक रूप से धर्म परिवर्तन किया है। गाजियाबाद हिंदू रक्षा दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें यह दंपत्ति भी साथ नजर आ रहे हैं। वीडियो में मुस्लिम युवक ने बताया कि वह काफी समय से सनातन धर्म का अध्ययन कर रहे थे और इसके बाद उन्होंने हिंदू धर्म अपनाने का निर्णय लिया। युवक ने बताया, "मेरा नाम पहले रहीस था, अब समीर हो गया है। मेरी पत्नी का नाम मरियम था, अब वह सोनी हो गई हैं। हमने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन किया है।" युवक ने यह भी कहा कि गाजियाबाद हिंदू रक्षा दल ने उन्हें धर्म के बारे में जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने अपनी मर्जी से हिंदू धर्म अपनाया। गाजियाबाद राष्ट्रीय हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने इस दंपत्ति की सराहना करते हुए कहा कि वह आगे भी इस परिवार की पूरी मदद करेंगे। गौरतलब है कि गाजियाबाद में इसी साल जनवरी में भी एक मुस्लिम दंपत्ति ने पूरी विधि-विधान के साथ हिंदू धर्म अपनाया था। वह दंपत्ति पिछले 7-8 सालों से हिंदू धर्म का पालन कर रहे थे और सभी हिंदू रीति-रिवाजों का अनुसरण कर रहे थे।

# ऑल इंडिया पुलिस बेडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस बेडमिंटन टीम विगत एक वर्ष से कमिशनर अजय मिश्रा के निर्देशन मे गाजियाबाद पुलिस लाइन मे रहकर कठिन अभ्यास मुख्य प्रशिक्षक वरुण पँवार के नेतृत्व मे सीबीआई अकादमी के स्पोर्ट कॉम्पलेक्स मे करती है। टीम को खेल एवं रहने संबंधी समस्त सुविधाएं उच्च स्तरीय पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त पीयूष सिंह एवं सहायक पुलिस उपायुक्त लिपि के पर्यवेक्षण में प्रतिसार निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

यहां बताते चले कि गाजियाबाद के पुलिस कमिशनर स्वयं भी बेडमिंटन के बेहतरीन खिलाडी है और



प्रतिसार निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह बॉलीवॉल के नेशनल स्तर के सुपर खिलाडी रह चुके है। उत्तर प्रदेश पुलिस बेडमिंटन टीम केरल के कॉच्ची मे दिनाँक- 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रस्तावित ऑल इंडिया पुलिस बेडमिंटन प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने के लिए गाजियाबाद से रवाना हुई, टीम के समस्त खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिशनर एवं उपरोक्त समस्त अधिकारियो द्वारा शुभकामनायें दी गयी।

लखनऊ से उत्तर प्रदेश पुलिस स्पोर्ट सचिव श्री प्रीतिन्द्र सिंह एवं स्पोर्ट ऑफिसर विनय चौधरी द्वारा भी शुभकामनायें देते हुवे प्रत्येक खिलाडी को अनुशासन मे रहकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की हिदायत दी गयी। टीम मे तीन खिलाडी कपिल चौधरी, राजन यादव, सिमरन चौधरी अंतराष्ट्रीय स्तर के भी है, उक्त कपिल गुर्जर सहारनपुर के मूल निवासी है जो पूर्व भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके है तथा अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे भारत के लिए पदक जीत चुके है, तीनो खिलाड़ियों को अन्य खिलाड़ियों के साथ उत्तर प्रदेश शासन की खेल नीति के अनुसार स्पोर्ट कोटे मे भर्ती किया गया है जो लगातार अपने खेल से उत्तर प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर रहे है।

# ज्ञानानंद जी महाराज से पंजाबी संगठन ने लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पंजाबी संगठन मोदीनगर तथा महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर के सदस्यों ने गीता ज्ञान संस्थान के परम पूज्य गीता मनीषी, परम पूज्य ज्ञानानंद जी महाराज के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस विशेष अवसर पर ज्ञानानंद जी महाराज ने दोनों संगठनों के सदस्यों पर अपना आशीर्वाद बरसाया और एक प्रेरणादायक प्रवचन दिया। उन्होंने जीवन में गीता के महत्व, सेवा भाव, और आत्मिक उन्नति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सत्य, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। महाराज श्री के शांतिपूर्ण और ज्ञानवर्धक वचनों ने उपस्थित सभी जनों को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए समाज सेवा की दिशा में और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नीरज बत्रा की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर जी और महिला संगठन अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर के साथ साथ संजय नैय्यर जी, विजय मेहरा जी, रमेश खुराना, हर्षिता, अंजलि, मीना चावला, प्रवीण चड्ढा, चरणजीत कौर और कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

- **विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ब्लॉक, मुरादनगर, घुघना, गाजियाबाद एवं संस्थान में स्वास्थ्य से संबंधित शिविर स्थल पर विभिन्न कार्यक्रम मनाए गए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया, जिसका विषय स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य था। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ब्लॉक, मुरादनगर, घुघना, गाजियाबाद एवं संस्थान में स्वास्थ्य से संबंधित शिविर स्थल पर विभिन्न



कार्यक्रम मनाये गये।

जिसमें मरीजों की स्वेच्छा से दांतो की सफाई, मौखिक प्रोफिलैक्सिस, खराब दांतों को निक. ालना आदि विभिन्न उपचार किये गये, इसी के साथ दांतो में पिट और फिशर सीलेंट लगाने, टोपीकल फ्लोराइड लगाने जैसी निवारक प्रक्रियाएं भी की गयी। संस्थान की ओपीडी आने वाले रोगियों के लिए रक्तचाप और ब्लड शुगर का निशुल्क जांच की गयी। जिन रोगियों को ब्लड शुगर थी उन रोगियों की जीवनशैली में सुधार के लिए विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिये गये।

इसके अलावा जो लोग तंबाकू चबाने या धूम्रपान करने की आदत में थे, उनके लिए एक इंटरैक्टिव सत्र और तंबाकू निषेध काउंसलिंग आयोजित की गई। इसके साथ ही ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश की मदद से ब्रश करने की तकनीक का प्रदर्षन किया गया था और रोगियों को बाजार में उपलब्ध अन्य मौखिक स्वच्छता के बारे में भी बताया गया था।

इसके साथ ही बीडीएस के छात्रों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। अंत में, जो लोग हाइपरटेंशन और डायबिटीज मेलिटस से ग्रसित थे उनका निशुल्क बीपी और ब्लड शुगर की जांच की गई और बेहतर उपचार के लिए आईटीएस डेंटल कॉलेज में भेजा गया।

अंत मे विजेताओं को प्रमाण-पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आई0टी0एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# फर्जी बैंक खाताधारकों के गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के साइबर थाने की टीम ने फर्जी बैंक खाताधारकों और आपूर्तिकर्ताओं के गैंग का भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से पांच मोबाइल और एक कार बरामद की है।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बाठिया ने बताया कि एक महिला शिकायतकर्ता ने साइबर थाने में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है जिसमें उसने आरोप लगाया है कि उसे एक अज्ञात नंबर से कॉल आया जिसने खुद को दूरसंचार विभाग,से बताया। संदिग्ध टेली-कॉलर ने उसे उसके नाम पर नकली सिम कार्ड का इस्तेमाल करने की धमकी दी। इसके अलावा, उसे कुछ अज्ञात व्हाट्सएप नंबरों से वीडियो-कॉल प्राप्त हुए, जिन्होंने खुद को ईडी और सीबीआई विभाग से बताया। धोखेबाजों ने महिला शिकायतकर्ता को कुछ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उसकी संलिप्तता के बारे में धमकाया और उसे गिरफ्तार करने की धमकी दी। उन्होंने उसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय, ईडी, सीबीआई विभाग के लोगो आदि के नाम और मुहर का उपयोग करके उसके नाम पर जाली याचिकाओं की प्रतियां भी भेजीं।

जालसाजों ने केस से उसका नाम हटाने के एवज में उससे ८.१० लाख रुपए ऐंठ लिए। जब उसे इस संबंध में ठगा हुआ महसूस हुआ तो उसने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद साइबर थाने में मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन अशोक कुमार की देखरेख में एसएचओ साइबर रमन प्रताप सिंह के नेतृत्व में एसआई तस्वीर माथुर ,एएसआई अमित त्यागी, संदीप, हेड कांस्टेबल विनीत, राजेंद्र और कांस्टेबल जतिन की टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने , कथित फोन नंबरों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड मांगे गए, मनी ट्रेलिंग की गई और विभिन्न स्रोतों से अन्य तकनीकी विवरण प्राप्त कर आरोपी राजा मंडल, (२७) (खाताधारक), तुषार थापा, (२३) (खाता प्रदाता/एजेंट) और सौरभ तिवारी, (२३) (खाता प्रदाता/एजेंट) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, पता चला कि आरोपी व्यक्ति (सौरभ तिवारी और तुषार थापा) अपने नाम पर फर्जी खाते खोलने के लिए उसी इलाके में स्थानीय लोगों को ढूंढते थे और उन्हें प्राप्त धन के प्रत्येक लेनदेन पर अच्छा कमीशन देने का लालच देते थे। उन्होंने एसएमएस अपडेट और ओटीपी प्राप्त करने के लिए बैंक खातों में नंबर का उपयोग करने के लिए नकली सिम कार्ड भी उपलब्ध कराए। इसके अलावा, आरोपी व्यक्ति बैंक जाते थे और ठगी गई राशि को सेल्फ चेक के माध्यम से निकालते थे।

## सीएम रेखा गुप्ता ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग स्थित आयुर्वेदिक झुग्गी बस्ती में विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि झुग्गी बस्ती में गली, नाली व खडंजे बनने की शुरुआत की गई है। वर्षों बाद झुग्गी वालों के अच्छे दिन शुरू हुए हैं। अब यहां सच में विकास कार्य होंगे।

उन्होंने कहा कि झुग्गी बस्ती में अच्छी सुविधाएं हों। नाली, खड़ंजे, शौचालय, नहाने की जगह, बच्चों के लिए खेलने के पार्क, अच्छे पानी की सुविधा ये सब काम कराने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने शालामार गांव, डीटी मॉल के पास ज्ञान शक्ति मार्ग के डिवाइडर के सुंदरीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

# चढ़ते पारे के बीच राजधानी में आग लगने की घटनाओं में इजाफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चढ़ते पारे के बीच एकाएक राजधानी में आग लगने की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो गया है। अप्रैल के शुरुआती छह दिनों के आंकड़ों पर गौर करें तो दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के कंट्रोल रूम को ८२४ कॉल्स मिलीं। हालात को देखते हुए डीएफएस अलर्ट मोड पर आ गया है।

आनन-फानन में दमकल विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल, मई और जून के लिए यह आदेश जारी किया गया है। तमाम स्टाफ को २४ घंटे अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है। दमकल विभाग सभी दफ्तरों, स्कूल, कॉलेज और दूसरे स्थानों पर जाकर लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूक कर रहा है। दिल्ली फायर सर्विस के डिप्टी फायर चीफ डॉ. संजय कुमार तोमर ने बताया कि हर साल देखा गया है कि गर्मियों की शुरुआत के साथ ही अचानक आग लगने की घटनाओं में इजाफा हो जाता है। ऐसे में आग की घटनाओं में कमी लाने और आग लगने की सूरत में जल्द से जल्द मदद पहुंचाने के प्रयास किए जाते हैं। दमकल विभाग के पास छोटी-बड़ी सारी मिलाकर लगभग ३०० गाड़ियां हैं, इनमें से कई गाड़ियां ब्रेक डाउन होने के कारण सर्विस में नहीं होतीं। इनको तुरंत दुरुस्त कर सर्विस में लाने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा वर्कशॉप पर २४ घंटे स्टाफ को तैनात रहने के लिए कहा गया है, ताकि किसी वजह से कोई गाड़ी खराब होती है तो उसे रात को भी ठीक किया जा सके। कंट्रोल रूम को हिदायत दी गई है कि हर कॉल को अटेंड करने के बाद उसके रिस्पोंस टाइम को हर हाल में कम करें। जितनी जल्दी से जल्दी हो सके घटना स्थल पर पहुंचे। एक जनवरी से छह अप्रैल तक के आंकड़ों पर गौर करें तो डीएफएस के पास कुल ४६४७ कॉल आईं। इसमें २० लोगों की आग में झुलसकर मौत हो गई। दमकल विभाग के बाड़े में फिलहाल २४ टाटा-योद्धा मल्टी यूटिलिटी (एमयूवी) काम कर रहे हैं। भीड़ और घनी आबादी वाले इलाकों में इनकी मदद से तुरंत बचाव कार्य हो जाता है।

# केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा सांसद तिवारी के साथ जूरी चौक का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 'विकसित दिल्ली' की संकल्पना को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज इसी क्रम में पूर्वी दिल्ली स्थित खजूरी चौक का मंत्री कला, संस्कृति एवं पर्यटन कपिल मिश्रा ने स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें उनके साथ केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के सांसद मनोज तिवारी और घोंडा क्षेत्र से विधायक अजय महावर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कपिल मिश्रा ने खजूरी खास क्षेत्र के वृहद विकास के लिए अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए जिसमें खजूरी चौक के पास यातायात को तेज और सुगम बनाने, सौंदर्यीकरण और अन्य जरूरी विषयों पर चर्चा शामिल है। साथ ही खजूरी पुलिस स्टेशन और सभापुर इलाके में जगह जगह हो रहे जलभराव की समस्या का भी तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। पिछले लम्बे समय से ये क्षेत्र भयंकर ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। निरीक्षण के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, "सरकार लोगों की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। ट्रैफिक जाम, जलभराव और खराब सड़कों की समस्याओं को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के विकास में जनता का सहयोग भी जरूरी है। माननीय मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी महत्वपूर्ण सड़कों की स्थिति की रिपोर्ट जल्द तैयार करें और विकास कार्यों की गति बढ़ाएं।

मंत्री ने खुद भी अलग-अलग इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लेने की बात कही।इससे पहले भी फरवरी माह के अंत में कपिल मिश्रा ने खजूरी चौक का दौरा किया था और वहां की समस्याओं को करीब से समझा था। आज उन्होंने एक बार फिर अधिकारियों के साथ ट्रैफिक जाम और टूटी सड़कों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता को खराब सड़कों से निजात दिलाना दिल्ली सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मंत्री ने अधिकारियों को टूटी-फूटी सड़कों को तुरंत दुरुस्त करने के स्पष्ट निर्देश दिए।



**केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ सांसद मनोज तिवारी व कपिल मिश्रा खजूरी चौक इलाके का स्थलीय निरीक्षण करते हुए।**

# गांधी नगर मार्केट में बढ़ी ट्रैफिक की समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गांधी नगर मार्केट के सामने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग हो रही है। यू-टर्न में इतनी कारें खड़ी करवाई जा रहीं हैं कि वाहनों के मुड़ने के लिए जगह नहीं बचती। इसी तरह गीता कॉलोनी की ओर से शास्त्री पार्क जाने वाली लेन पर लोग वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे यातायात की समस्या के साथ हादसे की आशंका बढ़ रही है। इसे लेकर लगातार लोग यातायात पुलिस, एनएचएआइ और नगर निगम को शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन कोई इसे रोकने के लिए आगे नहीं आ रहा। गांधी नगर मार्केट के पास हाईवे के एलिवेटेड हिस्से के नीचे २.५ मीटर ऊंचे दो यू-टर्न हैं। लक्ष्मी नगर की ओर से आकर सफेदा बस्ती जाने वाले वाहन चालकों के लिए इन्हें बनाया गया है। एक यू-टर्न पर गांधी नगर मार्केट में कपड़े खरीदने आ रहे व्यापारी गलत तरीके से वाहन खड़े कर देते हैं। दूसरे यू-टर्न में निगम की पार्किंग का संचालक अवैध रूप से वाहन खड़े कराता है, जबकि उसको हाईवे से सटी खाली जमीन आवंटित की हुई है।

इन दोनों यू-टर्न पर वाहन चालकों को मुड़ने में दिक्कत होती है। कई बार तो जगह न होने के कारण वाहन चालक कैलाश नगर की ओर से घूम कर सफेदा बस्ती जाते हैं। इस संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों का कहना है कि वह पुलिस और निगम को इस संबंध में कई पत्र लिख चुके हैं।

# पिस्टल दिखाकर वर्चस्व बनाने की कोशिश, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराकर इलाके में दहशत मचाने और वर्चस्व कायम करने की कोशिश करने वाले बदमाश शहजाद उर्फ शानू को उत्तर पश्चिमी जिले की एएटीएस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पिस्टल और कारतूस जब्त करके उसके हथियारों के सॉर्स के बारे में जानकारी लेने की को. शिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एएटीएस को आरोपी के बारे में जानकारी मिली थी, जिसने इंस्टाग्राम पर अवैध पिस्टल के साथ फोटो और वीडियो पोस्ट किए थे। एसआई रवि सैनी ने तकनीकी और मैनुअल दोनों तरह से निगरानी शुरू की। जिसके बाद एक पुख्ता जानकारी मिलने पर इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने जहांगीर पुरी के बीजेआरएम अस्पताल के पीछे सर्विस रोड के पास घेराबंदी करके आरोपी शहजाद उर्फ शानू को गिरफ्तार कर लिया,जिसकी निशानदेही पर पिस्टल भी जब्त कर ली। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि आरोपी,शहजाद उर्फ शानू को हथियार रखने और दिखाने में मजा आता है, क्योंकि इससे इलाके में उसकी प्रतिष्ठा बनी रहती है।

# होली पर पिता, भाई व बेटे समेत आधा दर्जन ने किया था जानलेवा हमला, दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** होली के दिन छोटी सी बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक के सिर पर ईंट से कई बार वार करके हत्या करने की को. शिश की गई थी। उत्तर-पश्चिमी जिला की एएटीएस ने वारदात करके फरार पिता,उसके भाई और बेटे समेत चार को गिरफ्तार किया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरो. पियों की पहचान अनिल,राहुल,चंदू लाल और अशोक कुमार के रूप में हुई है। चंदू लाल का अनिल बेटा है,जबकि अशोक कुमार भाई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि १४ मार्च की दोपहर जहांगीरपुरी पुलिस को बाबू जगजीवन राम अस्पताल से पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस अस्पताल पहुंची। अजय खत्री नामक व्यक्ति घायलावस्था में मिला। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अजय की हालत गंभीर बताई। पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस को अजय ने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे वह अपने एक दोस्त के साथ घर पर होली मना रहा था।

जश्न के दौरान उसके पड़ोसी नाबालिग और रोहित उर्फ कितानू उर्फ बाबू के बीच कहासुनी हो गई। करीब १५-२० मिनट बाद अशोक कुमार उर्फ अशोक केबल, दीपक, सुनील, अमित, राहुल, अनिल उर्फ गोलू, चंदू लाल और एक सीसीएल के लोग उसके घर के बाहर चाकू, डंडे और ईंटों से लैस होकर इकट्ठा हुए। उसपर जानलेवा हमला किया। अशोक कुमार ने ईंट फेंकी जो उसके सिर पर लगी और वह बेहोश हो गया। उसकी हालत खराब होने के बावजूद राहुल, अनिल उर्फ गोलू, सुनील और चंदू लाल ने ईंटों से उस पर हमला जारी रखा, जिससे उसे और चोटें आईं। पुलिस ने हत्या की कोशिश आदि धाराओं में मामला दर्ज किया। आरोपी व्यक्ति सुनील, दीपक, अमित और नाबालिग को पहले ही पकड़ लिय गया था। एसीपी रंजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने घायल से पूछताछ और वारदात वाली जगह के आने जाने वाले रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

ह्यूमैन सॉर्स की सहायता लेकर पुख्ता जानकारी के बाद चार आरोपियों को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों से पता चला कि पहले भी शिकायतकर्ता से किसी बात को लेकर झगड़ा हो चुका था। उसी बात को लेकर भी होली पर ही विवाद हुआ था।

# ढोल बजाने वाले ने साथियों के साथ डाला था डाका, पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में बीते वीरवार रात एक जनरल स्टोर में आठ लडकों ने जबरन घुसकर डकैली डाली थी। दुकानदार को गोली मारने की भी धमकी दी थी। वारदात दुकान में और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थी। पुलिस ने नाबालिग समेत आधा दर्जन लडकों को पकड़ा भी था। जबकि वारदात के बाद फरार मंगोल. पुरी के रहने वाले अभिषेक उर्फ घोड़ी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी स्थानीय समारो. हों में ढोल बजाता है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेड कांस्टेबल अमित कुमार को आरोपी अभिषेक उर्फ घोड़ी के बारे में पता चला था कि वह किसी से मिलने के लिये रोहिणी कोर्ट के पास आउटर रिंग रोड से सटे सर्विस रोड पर आएगा। एसीपी नरेन्द्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर पंकज ठाकरान के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि ३ अप्रैल की रात को सुल्तानपुरी के बी-ब्लॉक में स्थित एक प्रोविजनल स्टोर में हुई सनसनीखेज डकैती में अपने ७-८ साथियों के साथ-घातक हथियारों से लैस होकर-जबरन स्टोर में घुसा और मालिक और एक कर्मचारी को गोली मारने की धमकी देकर लूटपाट की थी। घटनास्थल से भागने से पहले समूह ने काउंटर से नकदी लूट ली थी। आरोपी

अभिषेक उर्फ घोड़ी के दिवंगत पिता घोड़ा-गाड़ी चलाकर आजीविका कमाते थे, जबकि उसकी माँ घरेलू सहायिका के रूप में काम करती है। उसका बड़ा भाई कुली का काम करता है, और उसकी बहन शादीशुदा है। अभिषेक ने कक्षा २ तक पढ़ाई की है और कभी-कभी आजीविका चलाने के लिए स्थानीय समारोहों में ढोल बजाता है।




**दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष व दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल लीडरशिप फोरम 2025 में भाषण देती हुईं।**

# युवा जनसंख्या भारत की बड़ी ताकत ये आर्थिक विकास का जरिया: आतिशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल लीडरशिप फोरम 2025 में अपने भाषण के दौरान युवाओं से अपील करते हुए कहा कि, वे सिर्फ नौकरी की तलाश न करें, बल्कि खुद एंत्रप्रेन्योर बनकर दूसरों को भी रोजगार दें।

उन्होंने उच्च शिक्षा व्यवस्था की खामियों को लेकर चिंता जताई और कहा कि, भारत की युवा आबादी हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत बन सकती है, लेकिन अगर उन्हें सही दिशा और अवसर नहीं मिले, तो यह बेरोजगारी और अस्थिरता का कारण भी बन सकती है। दिल्ली के बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम का उदाहरण देते हुए आतिशी ने कहा कि, इस प्रोग्राम में स्टूडेंट्स केवल ६२,००० के शुरुआती निवेश के जरिए सालाना ५०,००० स्टार्टअप शुरू करते हैं। उन्होंने कहा, "अगर भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है, तो अकेले राजनेता इसे हासिल नहीं कर सकते। हम सभी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। भारत में उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य विषय पर बोलते हुए, उन्होंने कहा, आज भी हमारे देश में बहुत असमानता है। जब हम उच्च शिक्षा को देखते हैं, तो एक जहाँ विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी हजारों छात्रों को बेहतरीन शैक्षणिक संसाधन देते हैं वही कुछ ऐसे यूनिवर्सिटी भी हैं जो इस तथ्य के लिए जाने जाते हैं कि आपको अपनी डिग्री हासिल करने के लिए वास्तव में यूनिवर्सिटी जाने की जरूरत तक नहीं है।

## गर्मी ने दिखाए तेवर लू की चेतावनी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम विभाग ने लू की चेतावनी जारी कर दी है। अप्रैल के महीने में ही इस बार जून जैसे हालात हो गए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ सकता है। आमतौर पर अप्रैल के अंत में ही तापमान में बढ़ोतरी होती है लेकिन इस साल शुरुआत में ही गर्मी झुलसा रही है। मौसम विभाग ने बुधवार को तापमान ४०-४२ डिग्री के बीच रहने और लू चलने की भविष्यवाणी की है। बीते साल अप्रैल में सबसे अधिक तापमान २७ अप्रैल को ४०.५ और वर्ष २०२३ में १८ अप्रैल को ४०.६ डिग्री सेल्सियस रहा था। जबकि २००९ में ३० अप्रैल को और २०२२ में २९ अप्रैल को तापमान ४३.५ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# कार में लगी आग, एक शख्स की जलकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**चाणक्यपुरी इलाके में बिजवासन रोड फ्लाईओवर पर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक कार में अचानक से आग लग गई। यह हादसा नजफगढ़-बिजवासन रोड पर हुआ। कार में अचानक धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में कार धू-धू कर जलने लगी। हादसे में एक शख्स की जिंदा जलकर मौत हो गई। चाणक्यपुरी इलाके में बिजवासन रोड फ्लाईओवर पर एक कार में आग लगने से एक शख्स की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब १०:३२ बजे हुई, जिसके बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा के दमकलकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर दो दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंचीं। डीएफएस अफसरों ने आग बुझाई और जली हुई गाड़ी की जांच की तो कार के अंदर एक जला हुआ शव मिला। कार की पहचान और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि, घटना के आसपास की सटीक परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हैं। लेकिन अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह दुर्घटना थी, कोई साजिश थी या कोई और कारण था।

पुलिस ने बताया कि आग टोयोटा ग्लैंजा कार में लगी थी। कार के अंदर एक अज्ञात जला हुआ शव मिला। पुलिस स्टेशन कापसहेड़ा से आईओ एच/सी जय राम और एफएसएल टीम मौके पर मौजूद थी।

# एमसीडी कमिश्नर यूजर चार्ज लेने के लिए जारी अधिसूचना वापस लें: दुर्गेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने एमसीडी के कमिश्नर से कूड़ा उठाने की एवज में दिल्लीवालों से यूजर चार्जेज लेने के लिए जारी अधिसूचना को तत्काल वापस लेने की मांग की है। आप" के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में प्रभारी दुर्गेश पाठक ने प्रेसवार्ता कर कहा कि जब से भाजपा दिल्ली की सत्ता में आई है, तब से दिल्लीवालों को लूटने का काम शुरू कर दिया है। सबसे पहले इन्होंने बिजली काटनी शुरू की और बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाना शुरू किया। इसके बाद सभी निजी स्कूलों में फीस बढ़ाना शुरू कर दिया। अब इनकी गंदी नीयत एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) के ऊपर आ गई है। एमसीडी के कमिश्नर ने दो दिन पहले मेयर, सदन और



राजनीति दलों से विचार-विमर्श किए बिना ही पूरे दिल्लीवालों पर यूजर चार्जेज लगा दिए यानि कूड़ा उठाने का शुल्क लगा दिया।

वहीं, मेयर महेश कुमार खिंची ने कहा कि आयुक्त और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत ये यूजर चार्जेज लगाए गए हैं और इसे हाउस टैक्स के साथ जोड़ा गया है। इसे हर साल हाउस टैक्स के साथ लिया जाएगा। यह सरासर गलत है। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। पहले ही जनता पर टैक्सों का इतना बोझ है। दूसरी तरफ इतनी महंगाई है। इसके बावजूद दिल्लीवालों पर यूजर चार्ज लगाना सरासर गलत है।

वहीं, डिप्टी मेयर रविन्द्र भारद्वाज ने कहा कि यूजर चार्ज लगाना जनता के हितों के खिलाफ है। हम सब इसका पुरजोर विरोध करते हैं। यह सिर्फ भाजपा की गंदी राजनीति के चक्कर में हो रहा है। वहीं, नेता सदन मुकेश गोयल ने भी दोहराया कि आयुक्त द्वारा यह तुगलकी फरमान दिल्ली की जनता के लिए जारी किया गया है। २०१६ में केंद्र सरकार ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कानून बनाया था कि यूजर चार्ज लिए जाएंगे, लेकिन यह तब लिया जाएगा जब दिल्ली की जनता के घरों से कूड़ा उठना शुरू होगा।

## मानहानि मामले में मेधा पाटकर को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में साकेत कोर्ट ने मानहानि मामले में नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को यह कहते हुए राहत दे दी कि पाटकर एक उल्लेखनीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं और उन्हें उनके काम के लिए कई पुरस्कार मिल चुके हैं। उनके द्वारा किया गया अपराध इतना गंभीर नहीं है कि उन्हें कारावास की सजा दी जाए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह अदालत ने उन्हें अच्छे आचरण के लिए रिहा कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह उन पर लगाया गया जुर्माना नहीं भरेंगी, लेकिन उन्हें वीके सक्सेना को एक लाख का मुआवजा देना होगा। अदालत ने उन्हें एक साल के प्रोबेशन पर रिहा करने का आदेश दिया है। मेधा पाटकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुईं। इससे पहले कोर्ट ने उनकी दोष सिद्धि को बरकरार रखा था। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मेधा पाटकर पर आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था।

# एमसीडी पेश करे कूड़ा निस्तारण के लिए समयबद्ध योजना: एनजीटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गाजीपुर डंपिंग यार्ड में कूड़ा निस्तारण की खराब स्थिति पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नाराजगी जताई है। ट्रिब्यूनल ने दिल्ली नगर निगम को समयबद्ध योजना पेश करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश ट्रिब्यूनल द्वारा नियुक्त कोर्ट कमिश्नर अधिवक्ता कात्यायनी की रिपोर्ट के बाद दिए गए।

रिपोर्ट के अनुसार, गाजीपुर में कूड़े के पहाड़ की निर्धारित सीमा ४० मीटर थी, जो बढ़कर ६० मीटर हो गया है। रिपोर्ट में उठाई गई गंभीर स्थिति व तथ्यों को देखते हुए एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने एमसीडी को फटकार लगाई। एनजीटी ने यह भी निर्देश दिया कि सॉलिड वेस्ट नियमों के तहत अधिकतम अनुमति से अधिक कूड़ा न एकत्रित किया जाए। स्वास्थ्य संबंधी खतरे, सुरक्षा और बार-बार आग लगने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए उचित बायोमाइनिंग और प्रबंधन योजना को क्रियान्वित किया जाए। एनजीटी ने एमसीडी को चार सप्ताह के अनुसार उक्त बिंदुओं पर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। मामले में आगे की सुनवाई १० जुलाई को होगी। लैंडफिल साइट पर आग की घटना का स्वत: संज्ञान लेकर शुरू की गई याचिका पर एनजीटी सुनवाई कर रही है। वर्ष २०१९ में यहां पर १०० लाख मीट्रिक टन कूड़ा था, जोकि अब घटकर ८५ लाख मीट्रिक टन हो चुका है। हालांकि, निरीक्षण के दौरान इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं मिला। रिपोर्ट के अनुसार, साइट पर मीथेन वेंट लगाए गए हैं, लेकिन मीथेन को इकट्ठा करने की कोई व्यवस्था नहीं है और इसे हवा में सीधे छोड़ा जा रहा है।

लैंडफिल साइट पर पांच एकड़ जमीन को हासिल करने का एमसीडी ने दावा किया था, लेकिन मौके पर इस संबंध में कोर्ट कमिश्नर के सवाल पर कोई सीधा जवाब नहीं दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि उक्त दावा गलत है और ऐसा प्रतीत होता है कि कोई भूमि वापस हासिल नहीं की गई। रिपोर्ट में लैंडफिल साइट पर अवैध डंपिंग रोकने के लिए सुरक्षा चौकी स्थापित करने का सुझाव दिया गया है। इसके साथ ही साइड के चारों तरफ की चहारदीवारी को भी मजबूत करने का सुझाव रिपोर्ट में दिया गया। इसके अलावा साइट पर काम करने वाले श्रमिकों के व्यापक जीवन बीमा और नियमित स्वास्थ्य जांच की सिफारिश भी की गई है।

# सलारपुर में 21 करोड़ की जमीन मुक्त कराई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को सलारपुर में करीब 2100 वर्गमीटर जमीन से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इस जमीन को चारो और बाउंड्री वाल बनाकर कब्जा किया जा रहा है। यहां कमरे बनाए जा रहे थे। इस जमीन की कीमत करीब 21 करोड़ रुपए आंकी गई है। जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है। जिसका प्रयोग विकास कार्यों के लिए किया जाना है।

प्राधिकरण के डीजीएम सिविल विजय रावल ने बताया कि ग्राम सलारपुर क्षेत्र में नोएडा की अधिसूचित भूमि खसरा संख्या 583 पर बिजेंद्र भड़ाना निवासी सलारपुर द्वारा लगभग 2100.00 वर्ग मीटर भूमि पर बाउंड्रीवाल कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे वर्क सर्किल व प्राधिकरण पुलिस द्वारा मिलकर संयुक्त रूप से ध्वस्त किया गया। कार्यवाही के बाद लगभग 2100.00 वर्गमीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 21 करोड़ रुपए है।

रावल ने बताया कि नोएडा में प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम के स्पष्ट निर्देश हैं कि जो भी अवैध निर्माण है उसे ध्वस्त किया जाए। इससे पहले भी प्राधिकरण लगातार अवैध निर्माण को हटाने का काम कर रही है। प्राधिकरण ने मौके पर स्पष्ट कहा कि यदि दोबारा से यहां निर्माण किया गया तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## अजनारा होम्स से 100 से अधिक लोग बीमार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा होम सोसाइटी में दूषित पानी की आपूर्ति से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो गए हैं। सोसाइटी में 100 से अधिक लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सोसाइटी के क्लब हाउस में मेडिकल कैंप लगाया है। डॉक्टर्स वहां बीमार लोगों का इलाज कर रहे हैं। कुछ लोग प्राथमिक उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। सोसाइटी के निवासियों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से आपूर्ति किया जा रहा पानी दूषित है। उन्होंने मेंटेनेंस विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। निवासियों के अनुसार पानी की टंकियों की सफाई सही तरीके से नहीं की जाती।प्राधिकरण ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मेंटेनेंस विभाग को पानी की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# जेपी ग्रुप के आवासीय प्रोजेक्ट को पूरा करेगा यीडा, अथॉरिटी ने तैयार किया प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जेपी समूह के विशेष विकसित क्षेत्र (एसडीजेड) की आवासीय परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए हाई कोर्ट के आदेश पर शासन से समिति का गठन कर दिया है। हालांकि अभी इसकी सूचना जारी होना अभी शेष है।

गठित समिति आवासीय परियोजना को पूरा कराने के लिए विकासकर्ता कंपनी का चयन करेगी। इसके लिए मई तक रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) निकाली जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को इस मामले में हुई सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने यीडा से परियोजना को पूरा कराने और ऋण दाताओं को राशि लौटाने की कार्ययोजना मांगी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दस मार्च को जेपी एसडीजेड मामले में फैसला देते हुए यीडा की भूखंड निरस्तीकरण की कार्रवाई को सही ठहराया था। एसडीजेड की आवासीय परियोजना को पूरा कराने के लिए शासन को चार सप्ताह में प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित करने के आदेश दिए थे।यीडा सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि शासन ने समिति का गठन कर दिया है। इसकी सूचना जारी होने पर अधूरी आवासीय परियोजना को पूरा कराने के लिए विकासकर्ता कंपनी का चयन किया जाएगा। अगली सुनवाई में यीडा सुप्रीम कोर्ट में काउंटर एफिडेविट दाखिल करेगा। सुप्रीम कोर्ट को समिति गठन और परियोजना पूरा कराने के लिए कंपनी चयन की कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। बैंक ऋण की एनएआरसीएल को वापसी के लिए कार्ययोजना भी रखी जाएगी।

**बिना बिकी यूनिट बेचकर जुटाई जाएगी राशि:** एसडीजेड में जेपी समूह की दस परियोजना हैं। इसमें कंट्री होम्स वन व टू, क्राउंस, ग्रीनक्रीस्ट होम्स, बोगनविलाज, विला एक्सपेंजा, स्पोर्ट्स विले, कासिया, कोवा व बुद्ध सर्किट स्टूडियो शामिल हैं। इनमें यूनिट बिक्री से कंपनी को 2433.41 करोड़ रुपये खरीदारों से मिलने थे। कंपनी खरीदारों से 1900. 78 रुपये ले चुकी है। खरीदारों से 532.64 करोड़ रुपये और मिलेगा। इसके अलावा 1872 यूनिट अभी बिना बिकी और 390 यूनिट अभी लांच होना शेष हैं। इससे 764.47 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है।

जेपी समूह की तीन परियोजना कासिया, कोव व बुद्ध सर्किट स्टूडियो में फ्लैट व अन्य में भूखंड हैं। इसकी संख्या 4600 है। ब्रिकी हुए फ्लैट व भूखंडों की संख्या तकरीबन बराबर है। करीब छह सौ एकड़ जमीन अभी बची हुई है।

# दुकान में लगी भीषण आग

### करीब सात घंटे से आग पर काबू करने का प्रयास जारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-5 स्थित एक दुकान में अचानक लगी भीषण आग से इलाके में अफरातफरी मच गई। आगजनी की घटना दमकल विभाग और पुलिस को दी गई। इसके बाद सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मौके पर भीड़ को नियंत्रण में किया। वहीं दमकल विभाग की 10-15 गाड़ियां आग पर काबू पाने की प्रयास में जुटी हुई है। हालांकि काफी हद तक फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पा लिया है।

थाना फेज-1 क्षेत्र के सेक्टर-5 हरौला में स्थित एक दुकान में मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे अचानक आग लग गई। जिस दुकान में ये आग लगी है वो बिल्डिंग तीन मंजिला बताई जा रही है। सुबह लगी आग को बुझाने में करीब साढ़े सात घंटे से अधिक समय लग गया। लेकिन अब तक आग पर काबू पाया नहीं जा सका है। हालांकि काफी हद तक आग पर काबू पा गया है।दुकान में अधिक मात्रा में पेंट्स और थिनर रखे होने के कारण आग भभक भभक कर उठ रही है। जिस कारण आग पर पूरा काबू करने में और समय लग रहा है। फिलहाल फायर फाइटर्स करीब सात घंटे से आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। यह आग नोएडा के सेक्टर-5 में अम्बे पेंट्स की दुकान में लगी है।

**शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका:** गौतमबुद्ध नगर सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि नोएडा सेक्टर-5 में स्थित अम्बे पेंट्स की दुकान में मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया। मौके पर 15 दमकल की गाड़ियां मौजूद है जो आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। काफी हद तक आग पर काबू पा लिया गया है।दुकान में पेंट्स और थिनर अधिक मात्रा में रखें होने के कारण आग पर काबू पाना में समय लग रहा है। आग लगने का कारण जांच के बाद ही पता चल पाएगा। इस आगजनी में दुकान मालिक का कितना नुकसान हुआ है वो भी आग बुझ जाने के बाद ही जांच के बाद पता चल पाएगा। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की ही संभावना जताई जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस की दो शातिर बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। इस पर 15 मुकदमे दर्ज है। और दूसरे को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। ये लोग राह चलते लोगों से तमंचा के बल पर लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे।

थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर 15ए के पीछे गंदे नाले को जाने वाली सड़क पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सेक्टर 16 की तरफ से एक संदिग्ध मोटर साइकिल आती दिखाई दी। पुलिस बल ने रुकने का इशारा किया। वह नही रुके और वापस अपनी बाइक पीछे मोड़कर सेक्टर 15ए के पीछे से सेक्टर-16 की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने का प्रयास करने लगे।

वार्निंग के बाद भी नहीं रूके पुलिस ने बाइक सवार को रुकने की वॉर्निंग दी। अपने को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस पार्टी ने जवाबी फायर किया। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। वो वहीं गिर गया। दूसरा बदमाश भागने लगा। घायल बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।इसकी पहचान अमन पुत्र अजय निवासी गौतमबुद्धनगर उम्र 27 साल हुई है। इस पर 15 से ज्यादा मुकदमा दर्ज है। वहीं इसके दूसरे साथी को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान सौरभ निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली उम्र करीब 22 साल हुई।इनके कब्जे से 6 मोबाइल फोन, चोरी की गई एक बाइक, एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। बरामद चोरी व लूट के सामान में से रेडमी मोबाइल फोन थाना फेज 1 नोएडा में मुकदमा दर्ज है।घायल बदमाश अमन को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इन दोनों के डेटा अन्य जनपद को भेजा गया है। ताकि वहां से भी इनके अपराध को खंगाला जा सके।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार सुबह पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया और पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया। मंगलवार सुबह रोजा याकूबपुर गांव के समीप छह फीसद विकसित भूखंड के समीप एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस रोजा याकूबपुर गांव की समीप चेकिंग कर रही थी। रेलवे पुल की तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जिसको रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह रुकने के बजाय छह प्रतिशत प्लॉट एरिया के अंदर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा किया तो बाइक पर सवार व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया।

वहीं, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी की पहचान सोनू (22 वर्ष) निवासी ग्राम शोभा का नंगला थाना चंडौस, जिला अलीगढ़ के रूप में हुई है। पूछताछ करने पर पता चला कि बदमाश थाना बिसरख से हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित है। इसके कब्जे से घटना में प्रयोग किया गया एक तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। बताया गया कि आरोपी सोनू के विरुद्ध पूर्व से दो मुकदमे थाना चंडौस जनपद अलीगढ़ में दर्ज है।

आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपी के आपराधिक इतिहास व अन्य जानक. ारी जुटाई जा रही है।

## एक नजर

### अवैध निर्माण कर रहे दो लोगों पर केस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे दो लोगों के खिलाफ नॉलेज पार्क थाने में केस दर्ज कराया गया है। प्राधिकरण के राजस्व निरीक्षक दोनों के खिलाफ शिकायत दी थी। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी के मुताबिक नोएडा प्राधिकरण के राजस्व निरीक्षक महेश कुमार ने अवैध निर्माण के मामले में शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि गुलावली गांव स्थित खसरा संख्या 783 और 784 प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि है। इस भूमि पर गौरव कृष्णायत्र और प्रदीप सिंह अवैध निर्माण करा रहे हैं। प्राधिकरण के कर्मचारियों ने कई बार अवैध निर्माण को रुकवाया, लेकिन आरोपी नहीं माने। वे जेसीबी और डंपर चलवाकर मिट्टी का भराव करा रहे हैं। राजस्व निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जाएगी।

### चलती कार सड़क पर आग का गोला बनी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-60 अंडरपास के पास मंगलवार दोपहर चलती कार में आग लग गई। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। दमकल की गाड़ी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। ओमदत्त शर्मा नाम का व्यक्ति कार की मरम्मत कराने जा रहा था। सेक्टर-60 अंडरपास के पास कार के अगले हिस्से में धुआं उठने लगा। धुआं उठता देख चालक ने तुरंत कार रोकी और नीचे कूद गया। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। ओमदत्त के सामने ही कार जलती रही और वह कुछ नहीं कर सके। सूचना मिलने के 15 मिनट बाद जब तक दमकल की गाड़ी पहुंची तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। कार के अंदर रखा पूरा सामान भी जलकर राख हो गया। कार में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे थे। घटनास्थल पर 100 से अधिक लोगों की भीड़ जमा थी। बीच सड़क पर कार में आग लगने के कारण यातायात भी पूरी तरह से बाधित हो गया। जो भी मामूरा से फेज तीन थाने की तरफ आ रहा था, उसे लोग रोक दे रहे थे। फेज तीन थाने और यातायात विभाग की टीम ने पहुंचकर यातायात को सामान्य कराया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों का यह भी कहना है कि आग लगने के बाद गाड़ी में छोटे-छोटे धमाके भी हुए। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। अग्निशमन विभाग कार में आग लगने के कारणों का पता लगा रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि स्पार्किंग की वजह से कार में आग लगी थी।

### ई-रिक्शा को बचाने में कार डिवाइडर पर चढ़ी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अट्टा और बॉटनिकल गॉर्डन फुटपाथ के बीच बने टी प्वाइंट के पास ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में चालक लग्जरी कार पर नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार के डिवाइडर पर चढ़ने के बाद खंभे और पेड़ टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चालक को मामूली चोट आई। कार से 12 साल के बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। पुलिस के मुता. बिक सेक्टर-55 के डी ब्लॉक में अमित कुमार परिवार के साथ रहते हैं। वह मंगलवार सुबह अपने 12 साल के बच्चे को घर से हेरिटेज स्कूल छोड़ने के लिए निकले। अमित जब अट्टा और बॉटनिकल गॉर्डन फुटपाथ के बीच बने टी प्वाइंट के पास पहुंचे तो अचानक से एक ई-रिक्शा सामने से आ गया। ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में मर्सिडीज अनियंत्रित हो गई और बराबर में बने डिवाइडर पर चढ़ गई। रफ्तार तेज होने के कारण कार खंभे और पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। एक पेड़ टूटकर कार पर गिर गया। हादसे में अमित को सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में मामूली चोट आई। उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे के बाद कार चालक ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। वे मौके पर पहुंचे और अमित और बच्चे को अपने साथ ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार, पेड़ और पोल को साइड करा दिया। घटना के बाद काफी देर तक लोग मौके पर जुटे रहे। मर्सिडीज पर पेड़ गिरने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

### सात नामी ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों के खिलाफ एफआईआर

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा शहर में ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों द्वारा लगातार पर्यावारणीय कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। जो कि एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है। इस मामले में आज नोएडा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त पर्यावरण सेल टीम एवं संबंधित जलखण्ड टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाले में सीवर का पानी डालने वाले 7 बिल्डर सोसायटी के खिलाफ संबंधित तीन थानों में एफआईआर दर्ज कराया है।

नोएडा प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह ने बताया कि नोएडा सीईओ के निर्देश पर आज मैसर्स आरजी रेजीडेंसी सेक्टर-120, मैसर्स सिक्का कार्मिक सेक्टर-78, मैसर्स ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड (लोटस बुलेवार्ड) सेक्टर-100, मैसर्स पूर्वांचल रॉयल पार्क सेक्टर-137, मैसर्स ऐम्स मैक्स गार्डेनिया सेक्टर-75, मैसर्स प्रतीक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड (प्रतीक स्टाइलोम) सेक्टर-45 और मैसर्स आम्रपाली सिलिकॉन सिटी सेक्टर-76 नोएडा की सोसायटियों का पर्यावरण सेल टीम एवं संबंधित जलखण्ड टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में परिसर के अन्तर्गत स्थापित एसटीपी आवश्यक क्षमता के अनुरूप संचालित नहीं पाया गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली के खिलाफ चला अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एआरटीओ विभाग द्वारा ई रिक्शा और ऑटो के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद अब,विभाग ने ट्रैक्टर और ट्रॉली के खिलाफ अभियान चलाया हैं। यह जानकारी एआरटीओ डॉक्टर सिया राम वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग गौतमबुद्ध नगर द्वारा माल ढोने वाली, अपंजीकृत ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर कार्रवाई की जा रही है। एआरटीओ ने बताया कि अपंजीकृत ट्रैक्टर ट्रॉली से ओवरलोडेड माल ढोने के कई नुकसान हो सकते हैं, जो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि सामाजिक और कानूनी दृष्टिकोण से भी गंभीर परिणाम लाते हैं। एआरटीओ सिया राम वर्मा ने प्रमुख नुकसान बताया।

ट्रैक्टर ट्राली को मूल रूप से कृषि कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है, ना कि भारी माल ढोने के लिए। ओवरलोड करने से वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है, जिसके कारण पलटने या ब्रेक फेल होने की संभावना बढ़ जाती है। इससे सड़क पर दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जो चालक और अन्य लोगों की जान को खतरे में डालती हैं। ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली से सड़कों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे सड़कें जल्दी खराब हो सकती हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां सड़कें पहले से ही कम मजबूत होती हैं, यह समस्या और गंभीर हो जाती है। भारत में मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपंजीकृत ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग और ओवरलोडिंग गैरकानूनी है।पकड़े जाने पर भारी जुर्माना, वाहन जब्ती, या कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, व्यावसायिक उपयोग के लिए पंजीकरण और परमिट अनिवार्य हैं, जिसके अभाव में दंड का प्रावधान है।

**वाहन की क्षति:** ट्रैक्टर और ट्रॉली पर निर्धारित क्षमता से अधिक भार डालने से इंजन, टायर, और अन्य हिस्सों पर दबाव पड़ता है, जिससे उनकी आयु कम हो जाती है और बार-बार मरम्मत की जरूरत पड़ती है। यह आर्थिक नुकसान का कारण बनता है

**एआरटीओ ने की अपील:** एआरटीओ नोएडा डॉ. सिया राम वर्मा ने कहा कि हम लोगों से अपील है कि इन नुकसानों को देखते हुए, यह जरूरी है कि ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग केवल उसके निर्धारित उद्देश्य (कृषि कार्य) के लिए किया जाए और ओवरलोडिंग से बचा जाए। साथ ही, इसे पंजीकृत करवाकर कानूनी नियमों का पालन करना चाहिए , ताकि सुरक्षा और आर्थिक दोनों स्तरों पर नुकसान से बचा जा सके।

# बाल चिकित्सालय की ऑडिट रिपोर्ट दो हफ्ते में आएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाल चिकित्सालय और स्नातकोत्तर संस्थान के भवन की स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट दो हफ्ते में मिलेगी। इसे आईआईटी रुड़की के इंजीनियरों ने तैयार कर लिया है। इसी के आधार पर भवन मरम्मत के लिए बजट तैयार होगा। स्ट्रक्चरल ऑडिट का काम पिछले चार महीने से चल रहा था। ऑडिट के दौरान वाटर प्रूफिंग के साथ गंदे पानी की पाइपलाइन बदलने सहित कई कार्यों पर चर्चा की गई। अस्पताल के दूसरे तल पर स्थित सर्विस फ्लोर में कई तरह की दिक्कतें हैं। इसमें मुख्य रूप से पाइपलाइन का फटना, पानी का सही निकासी नहीं होने से पानी का रिसाव हो रहा है। ऑडिट रिपोर्ट बाल चिकित्सालय और शासन को एजेंसी भेजेगी। इसके आधार पर बजट का निर्धारण होगा। बाल चिकित्सालय और स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि आईआईटी की रिपोर्ट के आधार पर ही मरम्मत का काम होगा। शासन को बजट का निर्धारण करना है। शासन के अगले निर्देश का इंतजार है। बाल चिकित्सालय और स्नातकोत्तर संस्थान के बेसमेंट में अब भी अस्पताल से निकलने वाला खराब पानी भरा रहता है। कई जगह पानी के निकासी के लिए बनाई गई पाइपला. इन फटी हुई है। कुछ स्थानों पर पानी का रिसाव भी हो रहा है। छह महीने पहले ऑपरेशन थियेटर के पास सीलन के कारण चार महीने तक हृदय रोग के ऑपरेशन रोक दिए गए थे। मरम्मत के बाद ही ऑपरेशन थियेटर शुरू हो पाया। वहीं, कई बार फॉल्स सीलिंग गिरने की घटना भी अस्पताल में हुई है।

# बेटी से दुष्कर्म के प्रयास में पिता को कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने बेटी से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में पिता को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 21 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना जमा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। केस की सुनवाई न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने की। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रतन सिंह भाटी ने बताया कि सेक्टर-49 थाने में 21 नवंबर 2020 को आरोपी पिता सुदेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था। घटना के दिन पीड़िता अपने पिता और दो छोटी बहनों के साथ घर पर थी। उसकी मां ड्यूटी पर गई थी। आरोपी पिता ने दोनों छोटी बहनों को बहाने से दुकान पर भेज दिया। इस बाद उसने बड़ी बेटी को घर में अकेला पाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि आरोपी पिता पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका था। पीड़िता ने मां के घर लौटने पर घटना के बारे में बताया। इसके बाद मां-बेटी ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस केस में चार्जशीट तैयार कर कोर्ट में दाखिल की थी। न्यायालय में केस की सुनवाई के दौरान छह गवाह पेश हुए। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी पिता को दोषी ठहराया और उसको 10 साल के कारावास की सजा सुनाई।

# दूषित पानी आने से परेशान लोगों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी के लोगों ने दूषित पानी के सेवन से परेशान होकर मंगलवार को मेंटेनेंस कार्यालय में हंगामा किया। इस दौरान प्रदर्शन कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। निवासियों का आरोप है कि सोसाइटी में पिछले चार दिनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इसका इस्तेमाल करने से लोगों को उल्टी, पेट दर्द, दस्त की दिक्कत हो रही है। अब तक सोसाइटी में करीब 500 से अधिक लोग बीमार हो चुके हैं। इनमें 200 से अधिक बच्चे हैं। प्रबंधन ने पिछले साल टैंकों की सफाई कराई थी। इसके बाद से सफाई कार्य नहीं हुआ। टैंक में गंदगी होने की वजह से लोगों के घरों में गंदा पानी आ रहा है। निवासी दिनकर पांडे ने बताया कि परिसर में लोग बीमार पड़ने के कारण ऑफिस



नहीं जा रहे। बच्चों को स्कूल की छुट्टी करनी पड़ रही है। कई अभिभावक तबीयत खराब होने के वजह से अपने बच्चों को बीच स्कूल से वापस लेकर आ रहे हैं। लगातार यह सिलसिला बढ़ता जा रहा है। अगर इसी तरह चलता रहा तो निवासियों को काफी अधिक परेशानी होगी। साथ ही ऑफिस से भी बार-बार छुट्टी नहीं मिल रही है। वहीं, उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं आ रहा है।

**सीएचसी की टीम पहुंची:** सोसाइटी में लगातार लोगों की शिकायतों को देखते हुए बिसरख सीएचसी की टीम ने मंगलवार को निरीक्षण किया। कुछ देर के लिए स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाया। कैंप अचानक लगने के कारण कोई निवासी उसमें जांच के लिए नहीं आया। डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि बुधवार को सोसाइटी में दोबारा से कैंप लगाया जाएगा।

**टैंक की सफाई होगी:** मेंटेनेंस इंचार्ज हेमंत राणा ने बताया कि लोगों की समस्या को देखते हुए टैंकों की बुधवार को दोबारा सफाई कराई जाएगी। इसके लिए बाहर से लोगों को बुलाया गया है। निजी लैब में पानी के नमूने जांच के लिए भेजे हैं। इसकी रिपोर्ट आने का इंतजार है। मेंटेनेंस प्रबंधन पर लगाए गए आरोप गलत हैं।

# भूखंड दिलाने के नाम पर दंपति से साढ़े छह लाख रुपये हड़पे

**नोएडा।** भूखंड दिलाने के नाम पर दंपति से करीब साढ़े छह लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर फेज-2 पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-70 निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से वाराणसी के रहने वाले हैं और नोएडा सेक्टर-62 में नौकरी करते हैं। उन्हें एक भूखंड खरदीना था। इस सिलसिले में 27 जून 2024 को पत्नी रुकमणि दो डीलर से मिली। इसमें एक डीलर फिरासत और दूसरा शाहनवाज था। दोनों ने सलारपुर खादर में करीब 107 वर्ग गज का भूखंड दिखाया। फिरासत ने वादा कि भूखंड का 30 प्रतिशत जमा करने पर वह रजिस्ट्री करा देगा। इस पर सहमति बनी और उन्होंने आठ लाख 30 हजार 600 रुपये ऑनलाइन जमा कर दिए। इसमें एक लाख पांच हजार रुपये डीलर को दिए और बाकी सात लाख 25 हजार रुपये मालिक राजीव वर्मा को दिए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

